# सरगुजा विश्वविद्यालय, अम्बिकापुर (छत्तीसगढ़)
## राष्ट्रीय सेवा योजना

Ph - 07774 222676 Fax - 07774 222791
email - nssvvsurguja@gmail.com

## राष्ट्रीय सेवा योजना संस्थाओं द्वारा
## सत्र 2017–18 में संपादित किये जाने वाले कार्यक्रम की कार्य योजना

| माह | कार्यक्रम | कार्य विवरण |
|---|---|---|
| जुलाई | (1) रा. से. यो. के स्वयंसेवकों का पंजीयन | माह के तृतीय सप्ताह तक यह कार्य पूर्ण किया जाये । |
| | (2) स्वयंसेवकों का अभिमुखीकरण | विद्यालय/महाविद्यालय खुलने की तिथि से 25 दिन के अंदर पंजीकृत छात्र/छात्राओं की सूची अलग–अलग दर्शाते हुए (Hard and soft copy) विश्वविद्यालय को भेजी जाये, तथा छात्रों का अनिवार्य अभिमुखीकरण(Orientation) किया जाये। |
| | (3)संस्था स्तर पर सलाहकार समिति का गठन एवं बैठक। | कार्यक्रम की रूपरेखा एवं रा.से.यो प्रवेश (Join NSS) के लिए छात्र–छात्राओं को प्रेरित करना, तथा वर्षवार इकाई की गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करना। |
| | (4) पौधारोपण/प्रांगण सौन्दर्यीकरण | रा.से.यो. इकाईयां अपने संस्था की सफाई एवं परिसर में पौधारोपण करें। यथा संभव गोदग्राम, सार्वजनिक स्थलों में पौधारोपण किया जाये। |
| | (5)जलसंवर्धन(water harvesting) | संबंधित विभाग से जानकारी प्राप्त कर कार्य योजना बनायी जावे। |
| | (6) वन महोत्सव सप्ताह | वन महोत्सव सप्ताह नामांकन पश्चात् हरिहर छ.ग. योजना के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय निकायो, वन विभाग के सहयोग से किया जाये। |
| | (7) विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई | भारत मे बढ़ती जनसंख्या प्रायः समस्त समस्याओं की जननी है। अतः परिवार नियोजन आदि पर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जावें। संगोष्ठी, व्याख्यान माला, एवं रैली का आयोजन। |
| | (8)गाजर घास उन्मूलन | सार्वजनिक स्थलों से गाजर घांस उन्मूलन के लिए कार्य। |
| अगस्त | (1)**स्वच्छ भारत पखवाडा–** 01 अगस्त से 15 अगस्त तक | गोद ग्राम एवं संस्था स्थल ग्राम/वार्ड मे संपूर्ण स्वच्छता अभियान चलाना । स्वच्छ भारत :एनएसएस स्वयंसेवकों दवारा स्वच्छता शौचालयों के निर्माण को बढ़ावा देने में और लोगों के बीच व्यवहार में लाने के लिए परिवर्तन के माध्यम से उनके उपयोग को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। एनएसएस के स्वयंसवकों के द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आयोजन स्थल को पूरी तरह से साफ किया गया है और कोई बेकार/कचरा किसी भी कार्यक्रम के अंत में नहीं छोडा गया है । कार्यो को आवश्यकतानुसार आगामी माहों में भी जारी रखा जा सकता है |
| | (2) पौधारोपण/पौधसंरक्षण | पौधरोपण का कार्य–अगस्त में पूर्ण माह किया जा सकता है। |
| | (3) बुक बैंक योजना | पुराने छात्रों से प्रस्ताव का स्वरूप तैयार कर रजिस्टर में एन्ट्री करें तथा नये सत्र् में आवश्यकतानुरूप छात्रों को इश्यू करें। |
| | (4) गोदग्राम में महिला मंडल, युवा मंडल आदि का गठन। | पल्स पोलियो अभियान में सहभागिता/एच.आई.वी./एड्स में व्याख्यान व प्रशिक्षण । |
| | (5) सदभावना दिवस, (20अगस्त) एवं पखवाडा का आयोजन। | सद्भावना व स्वस्थ विचारों के अभिप्रेरणा वाले कार्यक्रम किये जाये विशेष रूप से अल्प संख्यक बस्तिओं में श्रमदान का कार्य किया जावे। |
| | (6) कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम | संस्था स्तर पर कैरियर गाइडेन्स (**रोजगार मार्गदर्शन** ) के कार्यक्रम आयोजित किये जाये। विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किये जाये ,यह कार्यक्रम सतत अन्य महीनों मे भी चलता रहे । |
| | (7)स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त | स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों में भागीदारी करें, रैली निकाले । |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| सितम्बर | (1) शिक्षक दिवस का आयोजन (05सितम्बर) | शिक्षकों, पूर्व कार्यक्रम अधिकारियों, प्राचार्यो आदि के सम्मान के कार्यक्रम किये जा सकते है। गंदी बस्ती सुधार कार्यक्रम गोद लिये ग्रामों में विकास कार्यक्रम। , |
| | (2) साक्षरता दिवस का आयोजन (08 सितम्बर) | जिलों मे साक्षरता मिशन के अधिकारियों के साथ मिलकर रैली व्याख्यान आदि कार्यक्रम आयोजित किये जा सकते है। गावों में छात्रों को शाला प्रवेश हेतु उत्साहित करें व शाला छोडने वाले छात्रों को पुनः प्रवेश दिया जाये। ग्रामीण परिवेश के छात्र शहरी शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण एवं शहरी क्षेत्र के स्वयं सेवकों का ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कराया जाये। |
| | (3) विशेष शिविर हेतु अभिमुखीकरण | स्वयंसेवकों को दिशा–निर्देश, शिविर का प्रस्ताव विश्वविद्यालय को भेजा जाना। |
| | (4) विधिक साक्षरता के कार्यक्रम | विषय विशेषज्ञों से सलाह लेकर कार्यक्रम बनावें एवं संस्था तथा गोदग्राम में विधिवेत्ताओं के कार्यक्रम करें। |
| | (5) एन.एस.एस. स्थापना दिवस का आयोजन ( 24 सितबंर ) | 24 सितम्बर को स्थापना दिवस के कार्यक्रम आयोजन शहर/ कस्बे की समस्त इकाईयां मिलकर एक जगह प्रतियोगितायें, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाये। |
| अक्टूबर | (1) स्वैच्छिक रक्तदान दिवस (01 अक्टूबर) | ये कार्यक्रम निरंतर चलते रहेगें। छात्रों की रूचि के अनुसार कार्यो का बंटवारा समूह बनाकर किया जाए तथा स्वयंसेवकों के नाम व पता भी संकलित किये जाये। |
| | (2) गांधी जयंती (02 अक्टूबर)) | देश में धर्म, सम्प्रदाय, जाति , भाषा व क्षेत्र के आधार पर वर्ग विभाजन एवं आंतरिक कलह की स्थितियो से बचने हेतु जागरूकता कार्यक्रम, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हेतु दिवा शिविर (कार्यक्रम गोदग्राम में किया जाना) का आयोजन। स्वच्छता कार्यक्रम को विशेष रूप से आयोजित किया जाये। |
| | (3) विश्व हाथ धुलाई दिवस 15 अक्टूबर<br>विश्व शौचालय दिवस 19 अक्टूबर<br>राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर | उपर्युक्त शीर्षक लेकर प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय एकता अखण्डता पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाये।<br>एकता के लिए दौड का आयोजन। |
| | (4) पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता रैली | पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता हेतु रैली संस्था में या गोदग्राम में आयोजित करें। |
| नवंबर | (1) विशेष शिविर का आयोजन | स्थानीय समस्याओं को देखते हुऐ आवश्यकतानुसार परियोजना का चयन किया जा सकता है। विशेष शिविर के लिए गोदग्राम सें अलग एक ग्राम का चयन करें। |
| | (2) बाल दिवस का आयोजन (14 नवम्बर) | राष्ट्रीय एकता एवं बच्चों का विकास से संबंधित विविध कार्यक्रम का आयोजन करें। |
| | (3) कौमी एकता सप्ताह (19 से 25 नवम्बर) | कौमी एकता के लिए व्याख्यान, रैली, श्रमदान कार्य किये जाये। |
| | (4) सलाहकार समिति की दूसरी बैठक | सलाहकार समिति बैठक में गणमान्य नागरिको को आमंत्रित कर उन्हें पूरी योजना बताई जाये तथा अपने द्वारा किये गये कार्यो की जानकारी दी जाये व आगे के लिए कार्य योजना तैयार की जाये। |
| | (5) चयनित ग्राम में कार्यक्रम | चयनित ग्राम में जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| **दिसंबर** | (1) विशेष शिविर का आयोजन | नवंबर माह में यदि विशेष शिविर आयोजित नही हुआ है तो शिविर के लिए विस्तृत कार्यक्रम योजना तैयार किया जावे तथा श्रमदान संबंधी विशेष परियोजना ली जाये। |
| | (2) विश्व एड्स दिवस का आयोजन (01 दिसम्बर) | विश्व एड्स दिवस पर "एड्स" विषय पर चिकित्सकों के व्याख्यान रैली, भाषण–निबंध चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जा सकती है। |
| | (3) मानव अधिकार दिवस (10 दिसंबर) | मानव अधिकार से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन। |
| **जनवरी** | (1) स्वास्थ्य / पी.एच.ई. / कृषि / विज्ञान व तकनिकी विभाग के सहयोग से कार्यक्रम | विभाग से संपर्क कर सामाजिक कार्य में सहयोग। |
| | (2) राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) | स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा चेतना रैली तथा व्याख्यान आदि कार्यक्रम। |
| | (3) युवा सप्ताह | 12 से 19 जनवरी तक विविध कार्यक्रम आयोजित किया जावे युवा व खेल विभाग का भी सहयोग लिया जाये। |
| | (4) राज्य स्तरीय शिविरों में भागीदारी | राज्य स्तरीय शिविर में विश्वविद्यालय से चयनित छात्रों को भेजा जाना। |
| | (5) गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) | संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भागीदारी। |
| | (6) शहीद दिवस (30 जनवरी) | देश की स्वतंत्रता के लिए "शहीद" हुए व्यक्यिों पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। |
| **फरवरी** | (1)"ए""बी" प्रमाण पत्र हेतु परीक्षा | "ए" "बी" प्रमाण पत्र के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित की जायेगी। जिला संगठक वाहय परीक्षण की सूची जारी करेगें। |
| | (2) "सी" प्रमाण पत्र हेतु प्रोजेक्ट का अग्रेषण। | 'सी" प्रमाण पत्र हेतु परियोजना का मूल्याकन कर विश्वविद्यालय स्तर पर साक्षात्कार रखी जायेगी। |
| | (3) वार्षिक लेखा प्रेषण, वार्षिक प्रतिवेदन का प्रेषण | लेखा एवं वार्षिक प्रतिवेदन विश्वविद्यालय को सौंपे। |
| मार्च | (1) विश्व वानिकी दिवस | वन विभाग के सहयोग से वनों के विकास संबंधित कार्यक्रम। |
| | (2) अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) | माहिलाओं के विकास तथा उचित सम्मान हेतु कार्यक्रम। |
| | (3) राशि का समायोजन | अग्रिम का समायोजन करें तथा शेष राशि यदि हो तो वापस प्रेषित की जाये। |
| | (4) परीक्षा पूर्व तैयारी | वार्षिक परीक्षा की पूर्व तैयारी करवायी जाये। |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| अप्रेल | (1) विश्व स्वास्थ्य दिवस | जनभागीदारी बढ़े ऐसा प्रयास करें। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग ग्रीष्म कालीन चिकित्सा शिविर आदि का आयोजन किया जाये। |
| | (2) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी | विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित करें। |
| | (3) 'यूनिवर्सल एक्सप्रेस और गुणवत्ता कार्यक्रम | 1. **स्वास्थ्य :** एनएसएस के स्वयंसेवकों के माध्यम से, स्वास्थ्य संस्थानों / अन्य हितधारकों के साथ लगातार सहयोग से अपने क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी वितरण में मदद करना।। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य शिविर, नेत्र शिविर, टीकाकरण शिविर, रक्तदान शिविर, आईरन / फोलिक एसिड की गोलियां का वितरण, उपलब्ध कराने में सहयोग ।<br>2 **शिक्षा** :एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर बच्चों के नामांकन की सुविधा के लिए स्कूल छोड़ने वाले और सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता पैदा करने के लिए प्रचार–प्रसार के कार्यक्रम आयोजित किये जाएं । कार्यो को आवश्यकतानुसार आगामी माहों में भी जारी रखा जाना है |
| मई | (1) पोषक खाद्य दिवस | खाद्य विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा सकता है। |
| | (2) आंतकवाद विरोध दिवस | देश में बढ़ते आतंकवाद के बारे में युवाओ को चैतन्य करने एवं अपनी बात शांति से रखने हेतु प्रेरणास्पद कार्यक्रम किये जाये। |
| | (3) पुरस्कारों हेतु प्रस्ताव प्रेषण | उपयुक्त स्वयंसेवकों से राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं राष्ट्रीय पुरस्कारों हेतु आवेदन प्रेषित करें। |
| | (4) ग्रीष्मकालीन विशेष शिविर में भागीदारी | ग्रीष्मवकाश के दौरान शिविर आयोजित होंगे तथा अवकाश में अपने – अपने गांवों और नगरो में रा.से.यो. छात्र नियमित रूप से स्थानीय आवश्यकताओं को देखते हुए सेवा कार्य हाथ में लेंगे। |
| जून | (1) पूर्व स्वयंसेवकों व अधिकारियों का मिलन समारोह | पूर्व स्वयंसेवकों के अनुभवों का लाभ लिया जाये। नगर या जिला स्तरों पर कार्यक्रमों का आयोजन व मार्गदर्शन। |
| | (2) विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून । | विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बच्चों के विभिन्न वर्गो के लिए चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा सकती है। |
| | (3) बुक बैंक का सत्यापन | छात्रों से पुस्तके वापस लेकर भौतिक सत्यापन करें। |
| | (4) शाला त्यागी बच्चों के स्कूल प्रवेश हेतु प्रोत्साहित करने संबंधी कार्यक्रम। | शाला त्यागी बच्चों के लिए स्वयंसेवक स्तर से अभियान चलाया जाना चाहिए । |

सत्र 2017–18 मे नियमित गतिविधियों एवं शिविर का मुख्य थीम **स्वच्छता एवं निर्मल ग्राम है** अतः रासेयो गतिविधियों में स्वच्छता के कार्यकमों को अनिवार्य रुप से सम्मिलित करें। अपने गोद ग्राम में शौचालय के उपयोग के लिए जागरुकता (ODF)के सघन कार्यकम चलावें। इसी तरह मतदाता जागरूकता (स्वीप) कार्यक्रम के लिए ग्रामीण स्तर पर कार्य करें। संस्था स्तर/गोदग्राम में एक वर्ष मे न्यूनतम् 120 घंटे का कार्य पूर्ण करें।

**उपरोक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्ति प्रत्येक सप्ताह के किसी एक दिवस अपने कैम्पस की स्वच्छता (प्रांगण विकास) के लिए श्रमदान कार्यक्रम तथा सामाजिक चेतना के प्रमुख दिवस/सप्ताह का आयोजन करें।**

**(डॉ. ए. के. सिन्हा)**
कार्यक्रम समन्वयक रा.से.यो
सरगुजा वि.वि. अम्बिकापुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner